## न्यूज डायरी



### सबसे बुजुर्ग अंतरिक्ष यात्री ने रखा स्पेस में कदम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। कनाडा के एक्टर विलियम शैटनर 90 साल की उम्र में स्पेस की यात्रा करने वाले सबसे बुजुर्ग व्यक्ति बन गए हैं। जेफ बेजोस की ब्लू ओरिजिन के न्यू शेफर्ड रॉकेट की दूसरी स्पेस उड़ान भी सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी है। इस उड़ान में विलियम सहित चार लोगों ने हिस्सा लिया। 90 साल के विलियम के अलावा ब्लू ओरिजिन की ऑड्रे पावर्स, फ्रांसीसी कंपनी डैसो सिस्टम्स के ग्लेन डे रीस और अर्थ ऑब्जरवेशन कंपनी के को–फाउंडर क्रिस बोशुईजेन ने भी स्पेस की उड़ान भरी। धरती से 351,186 फीट ऊपर जाकर अंतरिक्ष यात्रियों ने जीरो ग्रैविटी में तीन मिनट बिताए और भारहीनता का अनुभव किया। NS18 रॉकेट ने भारतीय समयानुसार रात 8:20 बजे उड़ान भरी और इसका लाइव टेलीकास्ट ब्लू ओरिजिन की वेबसाइट पर किया गया।

### बांग्लादेश में कट्टरपंथियों का निशाना बने दुर्गा पूजा पंडाल, मूर्तियां तोड़ीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश में दुर्गा पूजा के मौके पर कट्टरपंथियों ने कई पूजा पंडालों पर हमला बोला और मूर्तियों के साथ तोड़फोड़ की। बांग्लादेश हिंदू यूनिटी काउंसिल ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। ट्वीट में कहा गया, 13 अक्टूबर 2021, बांग्लादेश के इतिहास में एक निंदनीय दिन था। अष्टमी के दिन मूर्ति विसर्जन के मौके पर कई पूजा मंडपों में तोड़फोड़ की गई। हिंदू अब पूजा मंडपों की रखवाली कर रहे हैं। आज पूरी दुनिया चुप है। मां दुर्गा अपना आशीर्वाद दुनिया के सभी हिंदुओं पर बनाए रखें। कभी माफ न करें। परिषद ने ट्वीट में कहा कि बांग्लादेश में अच्छे मुसलमान अभी भी जिंदा हैं इसीलिए हम जिंदा हैं। उन सभी मुसलमानों का धन्यवाद जो हिंदुओं के साथ खड़े रहे। हम इस्लाम का भी सम्मान करते हैं। हम कुरान से भी प्यार करते हैं। इस्लाम कभी इसका समर्थन नहीं करता। हिंदू एकता परिषद ने कहा कि हम बांग्लादेश में अपने मुस्लिम भाइयों के साथ सद्भाव से रहना चाहते हैं।

### 6.2 करोड़ डॉलर का बिजली बिल भरने के लिए तालिबान की जेब खाली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। काबुल और अन्य अफगान प्रांत पूरी तरह से अंधेरे में डूब चुके हैं। अफगानिस्तान की सरकारी बिजली कंपनी श्दा अफगानिस्तान ब्रेशना शेरफतश ने बुधवार को बताया कि उज्बेकिस्तान से होने वाली बिजली सप्लाई में कुछ तकनीकी समस्या आने के कारण बिजली कटौती हुई है। तालिबान के कब्जे के बाद अफगानिस्तान लगातार मुसीबतों में घिरता जा रहा है। देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से ठहर गई है और बैंकिंग सिस्टम बदहाली से जूझ रहा है। एक रिपोर्ट में कहा गया था कि डीएबीएस के ऊपर मध्य एशियाई देशों का करीब 6.2 करोड़ डॉलर के बिजली बिलों का भुगतान बकाया है। कंपनी सरकारी अधिकारियों की संपत्ति बेचकर इसका भुगतान करने की तैयारी कर रही है।

### चीन के साथ युद्ध शुरू नहीं करना चाहते, हमले का करेंगे बचाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ताइपे। एशिया के दो देशों चीन और ताइवान के बीच युद्ध की संभावनाओं के बीच ताइवान ने कहा है कि वह चीन के साथ युद्ध शुरू नहीं करना चाहता है लेकिन वह हमला होने पर अपना बचाव करेगा। ताइवान चीन के साथ युद्ध शुरू नहीं करेगा लेकिन पूरी तरह से अपना बचाव करेगा। रक्षा मंत्री चीउ कुओ–चेंग ने गुरुवार को ये बात कही। ताइवान–चीन के बीच तनाव में वृद्धि हो रही है जिस पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता जताई गई है। ताइवान ने बार–बार कहा है कि अगर हमला किया गया तो वह अपना बचाव करेगा लेकिन वह जल्दबाजी में खुद आगे नहीं बढ़ेगा। वह चीन के साथ यथास्थिति बनाए रखना चाहता है। पिछले 1 अक्टूबर यानी चीन के राष्ट्रीय दिवस के दिन चीनी वायु सेना के 25 लड़ाकू विमान, बॉम्बर्स और दूसरे एयरक्राफ्ट्स ने ताइवानी वायु सीमा का उल्लंघन किया था।

# आईएसआई चीफ को लेकर पाक सेना के आगे जिद पर अड़े इमरान खान

**विवाद**

## पाकिस्तान में कोई भी पीएम सेना के खिलाफ नहीं जा सकता है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के नए प्रमुख की नियुक्ति को लेकर प्रधानमंत्री इमरान खान और सेना प्रमुख जनरल बाजवा के बीच विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। आईएसआई के पूर्व चीफ ले. जनरल फैज हमीद को पेशावर कोर का कमांडर बना दिया गया है और अब खुफिया एजेंसी की कमान ले. जनरल नदीम अंजुम को सौंप दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक इमरान खान ने अपने कैबिनेट से इस बारे में चर्चा की।

खान ने कहा कि उन्होंने सेना प्रमुख जनरल बाजवा से हमीद को आईएसआई प्रमुख के पद पर कुछ और समय तक बनाए रखने के लिए कहा था क्योंकि पड़ोसी देश अफगानिस्तान में स्थिति अभी गंभीर है। कैबिनेट की बैठक के बाद सत्तारूढ़ पीटीआई के प्रमुख आमिर डोगर ने कहा कि इमरान खान और बाजवा ने इस मामले पर सोमवार



देर रात विस्तृत बैठक की। उनसे पूछा गया कि डीजी आईएसआई को नियुक्त करने के लिए संवैधानिक और कानूनी प्रक्रिया क्या थी।

**प्रधानमंत्री के पास हैं अधिकारः** डोगर ने कहा कि प्रधानमंत्री को तीन नाम भेजे जाते हैं जिसमें से वह एक को चुनते हैं जिसे वह उपयुक्त समझते हैं। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट में कैबिनेट बैठक की जानकारी दी गई। डोगर ने कहा कि पीएम और सैन्य नेतृत्व दोनों में घनिष्ठ समन्वय था और सभी कानूनों का पालन करके डीजी आईएसआई की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि खान और बाजवा इस पर सहमत हैं और प्रधानमंत्री के पास इस के अधिकार हैं।

**विवादों से भरा हामिद कार्यकालः** मंगलवार को कैबिनेट की बैठक के बाद पाकिस्तान के सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने भी खान–बाजवा की बैठक की पुष्टि की। जानकारों ने ईटी को बताया कि हमीद को इमरान खान का समर्थन हासिल है, जिनका कार्यकाल काफी विवादास्पद रहा है। तालिबान के काबुल पर कब्जे के बाद हामिद की अचानक काबुल यात्रा ने सभी को चौंका दिया था। सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान में कोई भी पीएम सेना के खिलाफ नहीं जा सकता है।

**अफगानिस्तान में दोनों की भूमिका बेहद अहमः** लेफ्टिनेंट जनरल फैज अब पेशावर कोर के कमांडर हैं। इसे प्रमोशन कहा जा सकता है क्योंकि इस पद को पाकिस्तान सेना में काफी अहम माना जाता है। हालांकि अभी भी वह अफगानिस्तान मुद्दे पर एक अहम भूमिका निभा सकते हैं। वहीं नए आईएसआई चीफ लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अहमद अंजुम को युद्ध के नजरिए से एक कठोर सैनिक माना जाता है। वर्तमान में अफगानिस्तान में उनकी भूमिका भी बेहद अहम साबित हो सकती है।

## अमेरिका ने 18 महीने बाद खोला अपना बार्डर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। संयुक्त राज्य अमेरिका ने कनाडा और मैक्सिको के साथ लगी अपनी सिमाओं को 18 महीनों बाद एक बार फिर खोल दिया है। इसके तहत कोरोना वैक्सीन की दो डोज लगा चुके लोगों को आने–जाने की इजाजत मिलेगी।

नवंबर महीने से बाइडन प्रशासन का यह फैसला लागू होगा। मार्च 2020 से कोरोना महामारी के बाद से अमेरिका ने लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया था।

यूएस होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी एलेजांद्रो मेयरकास ने एक बयान में कहा कि प्रशासन अगले महीने मेक्सिको और कनाडा के यात्रियों को आने की अनुमति देना शुरू कर देगा। इस दौरान सिर्फ कोरोना वैक्सीन की पूरी डोज लेने वालों को ही इजाजत मिलेगी। इसके तहत लोग गैर–जरूरी उद्देश्यों के लिए संयुक्त राज्य में प्रवेश कर सकेंगे, जिसमें पर्यटन, दोस्तों और परिवार के लोगों से मिलना भी शामिल है।

अमेरिकी सीमावर्ती राज्यों के सांसदों ने अभूतपूर्व प्रतिबंधों को उठाने के कदम की प्रशंसा की है। इसकी वजह से स्थानीय समुदायों की अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान पहुंचा और 19 महीनों के लिए दोस्तों और परिवारों से मिलने से रोक दिया था।



### दुनिया का सबसे भारी कद्दू बना यूरोप का चैंपियन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बर्लिन। दुनिया के अलग–अलग देशों में अजीबोगरीब प्रतियोगिताएं देखने को मिलती हैं। इसी तरह यूरोप में कद्दू की विविध किस्मों का जश्न मनाने के लिए European Pumpkin Weighing Championship का आयोजन अक्टूबर में किया जाता है। इसमें कद्दू की दुनिया में सबसे अलग किस्में देखने को मिलती है। मुकाबले में इस साल के विजेता कद्दू को दुनिया की सबसे भारी सब्जी कहना बिल्कुल गलत नहीं होगा। विजेता इटली के टस्कनी क्षेत्र का है जिसके कद्दू का वजन 1,217.5 किलोग्राम दर्ज किया गया।

## अफगानिस्तान से 10 गुना ज्यादा हवाई किराया लूट रहा पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काबुल। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हवाई सेवा जल्द ही प्रभावित हो सकती है। सूत्रों का कहना है कि तालिबान जल्द ही काम एयरवेज पर पाकिस्तान के प्रतिबंध के जवाब में पाकिस्तान की राष्ट्रीय एयरलाइन पीआईए पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा कर सकता है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की काम एयरवेज की उड़ानों पर बैन लगा दिया है। यह प्रतिबंध अगली सूचना तक लागू रहेगा। हालांकि कहा जा रहा है तालिबान की नाराजगी इस बैन से ज्यादा पीआईए के बढ़े हुए किराए से है जो 15 अगस्त से

#### तालिबान ने दी बैन की धमकी

पहले तक सिर्फ 200 से 300 डॉलर था और अब 2500 डॉलर तक पहुंच चुका है। साफ है कि अफगानिस्तान में तालिबान के आते ही पाकिस्तान ने अपने हवाई किराए में आश्चर्यजनक इजाफा किया है।

तालिबान के परिवहन और उड्डयन मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि अगर काबुल–इस्लामाबाद उड़ानों का किराया 15 अगस्त से पहले के समान नहीं किया गया तो वह पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) और अफगान निजी एयरलाइन काम एयर के संचालन को रोक देगा।

**उड़ानें रोक देने की धमकीः** टोलो न्यूज के मुताबिक अफगानिस्तान नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (एसीएए) ने भी हवाई किराए को कम करने की अपील की है। कीमतें कम न करने पर उड़ानों को रोक देने की धमकी दी गई है। एसीएए का कहना है कि अभी सिर्फ एक पाकिस्तानी एयरलाइन को अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच उड़ान की अनुमति मिली हुई है। तालिबान के सामने इस वक्त देश में कई चुनौतियां हैं जिसमें अर्थव्यवस्था एक बड़ा पहलू है। देश की अर्थव्यवस्था रुक गई है और बैंकिंग सिस्टम बदहाली से जूझ रहा है। खबरों के मुताबिक आने वाले दिनों में अफगानिस्तान में बिजली संकट पैदा हो सकता है।

### तालिबान ने दुनिया को धमकाया, बोला– आर्थिक प्रतिबंधों से वैश्विक सुरक्षा होगी प्रभावित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दोहा। अफगानिस्तान में बंदूक के दम पर सत्ता पर काबिज तालिबान ने आर्थिक प्रतिबंधों को लेकर दुनिया को धमकी दी है। अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने कहा कि अफगान सरकार को कमजोर करना किसी के हित में नहीं है। मुत्ताकी ने धमकाने के लहजे में कहा कि अगर प्रतिबंधों को नहीं हटाया गया तो उसका सीधा असर वैश्विक सुरक्षा पर पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इससे अफगानिस्तान में बड़े पैमाने पर लोगों का पलायन भी शुरू हो सकता है।

विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के नेतृत्व में इस्लामिक अमीरात का प्रतिनिधिमंडल कतर की राजधानी दोहा में दुनियाभर के देशों से मुलाकात रहा है। अमेरिका और यूरोपीय दूतों के साथ एक बैठक में तालिबानी नेताओं ने इस्लामिक अमीरात पर प्रतिबंध हटाने का निवेदन किया। उन्होंने कहा कि अफगानी बैंकों को सामान्य रूप से काम करने देने की अनुमति दी जाए। मुत्ताकी ने कहा कि अफगानी सरकारी कर्मचारियों के वेतन का भुगतान और अधूरे आर्थिक परियोजनाओं को फिर से शुरू करना हमारी प्राथमिकता है।